आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार बुलेटिन
18.45 मंगलवार
दिनांक 24.03.2026

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

और अब पेश है आज के मुख्य समाचारः—

1— प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पश्चिम एशिया क्षेत्र में शांति बहाल करने के लिए संवाद और कूटनीति का समर्थन किया।

2— माध्यमिक शिक्षा मंडल ने चौदह मार्च को हुए बारहवीं के हिन्दी पेपर को निरस्त किया—अब यह परीक्षा दस अप्रैल को फिर से होगी।

3— पहले खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स कल से छत्तीसगढ़ में शुरू होंगे—केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया करेंगे शुभारंभ।

4— मौसम विभाग ने अगले चौबीस घंटों के दौरान राज्य के कुछ स्थानों में हल्की वर्षा होने की संभावना जताई।

प्रधानमंत्री—पश्चिम एशिया संघर्ष

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पश्चिम एशिया क्षेत्र में शांति बहाली के लिए संवाद और कूटनीति का समर्थन किया है। राज्यसभा में आज पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष पर भारत का रुख स्पष्ट करते हुए श्री मोदी ने कहा कि भारत ने तनाव कम करने और होर्मुज जलडमरू मध्य को फिर से खोलने का मुद्दा उठाया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि पश्चिम एशिया में संघर्ष के बाद से उन्होंने खाड़ी देशों के नेताओं के साथ—साथ ईरान, इज़राइल और अमरीका के नेताओं से भी टेलीफोन पर बातचीत की है।

श्री मोदी ने कहा कि पश्चिम एशिया में चल रहा युद्ध तीन सप्ताह से अधिक समय से जारी है और इसने विश्वभर में गंभीर ऊर्जा संकट पैदा कर दिया है। भारत के लिए भी यह स्थिति चिंता का विषय है, क्योंकि इस संघर्ष के कारण व्यापार मार्ग प्रभावित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि इससे पेट्रोल, डीजल, गैस और उर्वरक जैसी आवश्यक वस्तुओं की नियमित आपूर्ति बाधित हो रही है।

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल ने कक्षा बारहवीं की हिन्दी विषय के पेपर को निरस्त कर दिया है। यह परीक्षा बीते चौदह मार्च को संपन्न हुई थी। मंडल ने जानकारी दी है कि परीक्षा समिति की बैठक में सभी तथ्यों पर विचार–विमर्श के बाद यह निर्णय लिया गया है। अब हिन्दी विषय की परीक्षा दस अप्रैल को पुनः आयोजित की जाएगी। परीक्षा का समय सुबह नौ बजे से दोपहर सवा बारह बजे तक रहेगा। मंडल ने सभी परीक्षार्थियों से निर्धारित तिथि पर परीक्षा केन्द्र में उपस्थित रहने को कहा है। परीक्षा से संबंधित जानकारी माध्यमिक शिक्षा मंडल की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध है।

गौरतलब है कि चौदह मार्च को आयोजित कक्षा बारहवीं का हिन्दी विषय के प्रश्न पत्र सेट–बी के लीक होने की बात सामने आई थी, जिसकी जांच की जा रही है।

<u>पापाराव–आत्मसमर्पण</u>

माओवादियों के शीर्ष नेताओं में से एक पापाराव ने आज अपने सत्रह अन्य साथियों के साथ बीजापुर पहुंचकर पुलिस को अपने हथियार सौंप दिए हैं। बाद में पुलिस उसे तथा उसके साथियों को बीजापुर से लेकर जगदलपुर के लिए रवाना हो गई।

पापाराव कल जगदलपुर में पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों के समक्ष औपचारिक रूप से आत्मसमर्पण करेगा।

उपमुख्यमंत्री और गृह मंत्री विजय शर्मा ने कहा कि पापाराव का आत्मसमर्पण करना सशस्त्र नक्सलवाद के खात्मे की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## एनएचआरसी–छत्तीसगढ़

राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग–एन.एच.आर.सी. ने रायपुर के एक निजी अस्पताल में सेप्टिक टैंक की सफाई के दौरान तीन सफाईकर्मियों की मौत के मामले में रायपुर जिला मजिस्ट्रेट और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को नोटिस जारी किया है। इस मामले को स्वतः संज्ञान में लेते हुए एनएचआरसी ने दो सप्ताह के भीतर रिपोर्ट पेश करने और जांच की मौजूदा स्थिति बताने को कहा है।

गौरतलब है कि बीते सत्रह मार्च को रायपुर के एक निजी अस्पताल में सेप्टिक टैंक की सफाई के दौरान जहरीली गैस की चपेट में आने से तीन सफाई कर्मचारियों की मौत हो गई थी।

## विश्व क्षय रोग दिवस

आज विश्व क्षय रोग दिवस है। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ में भी विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में गौरैला–पेंड्रा–मरवाही जिले में कलेक्टर लीना कमलेश मंडावी ने सौ दिवसीय टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत जिला स्तरीय कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस मौके पर उन्होंने लोगों को भारत को टीबी मुक्त बनाने की शपथ दिलाई। वहीं, मुख्य चिकित्सा और स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर रामेश्वर शर्मा ने बताया कि मितानिनों द्वारा घर–घर जाकर टीबी मरीजों की पहचान की जा रही है।

क्षय रोग दिवस पर आज गौरेला स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। खंड चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर एस.के. अर्गल ने लोगों से टीबी के लक्षण दिखने पर इसकी जांच कराने की अपील की।

खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स

प्रथम खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स का आयोजन कल से छत्तीसगढ़ में किया जाएगा। उपमुख्यमंत्री और खेल मंत्री अरूण साव ने आज रायपुर में पत्रकारों से चर्चा करते हुए बताया कि यह प्रतियोगिता तीन अप्रैल तक चलेगी। इसके तहत कुल सात खेलों की स्पर्धाएं होंगी। इनमें एथलेटिक्स, हॉकी, फुटबॉल, तीरंदाजी, कुश्ती, वेटलिफ्टिंग और स्वीमिंग की स्पर्धाएं शामिल हैं। इसके अलावा मलखंभ और कबड्डी को डेमो खेल के रूप में शामिल किया गया है।

श्री साव ने बताया कि खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स का शुभारंभ कल रायपुर में आयोजित एक कार्यक्रम में केंद्रीय युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री डॉक्टर मनसुख मांडविया करेंगे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय भी उपस्थित रहेंगे। खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स छत्तीसगढ़ के तीन शहरों – रायपुर, जगदलपुर और अंबिकापुर में आयोजित किए जाएंगे। रायपुर में फुटबॉल, हॉकी, तीरंदाजी, स्वीमिंग वेटलिफ्टिंग और कबड्डी की प्रतियोगिताएं होंगी। जबकि, जगदलपुर में एथलेटिक्स और अंबिकापुर में कुश्ती तथा मलखंभ की प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी।

श्री साव ने बताया कि खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स में देश के करीब तीस राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के तीन हजार से अधिक जनजातीय खिलाड़ी और अधिकारी भाग लेंगे।

उपमुख्यमंत्री ने बताया कि इस प्रतियोगिता में एक सौ छह स्वर्ण पदक प्रदान किए जाएंगे, इनमें सबसे ज्यादा एथलेटिक्स और सबसे कम तीरंदाजी में दिए जाएंगे।

खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स–विशेष कार्यक्रम

श्रोताओं, कल पच्चीस मार्च को सुबह नौ बजकर पंद्रह मिनट से खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स पर प्रादेशिक समाचार एकांश रायपुर द्वारा तैयार किए गए विशेष कार्यक्रम का प्रसारण किया जाएगा। इस कार्यक्रम को छत्तीसगढ़ स्थित आकाशवाणी के सभी केंद्र एक साथ रिले करेंगे।

सरगुजा ओलंपिक–समापन

अंबिकापुर के पीजी कॉलेज मैदान में आयोजित सरगुजा ओलंपिक के संभाग स्तरीय प्रतियोगिता का कल समापन हो गया। तीन दिवसीय इस प्रतियोगिता में सरगुजा संभाग के सभी जिलों के दो हजार से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। इसके तहत एथलेटिक्स, तीरंदाजी, कुश्ती, कराते और रस्साकसी सहित बारह खेल विधाओं में प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं।

समापन समारोह में भारतीय फुटबॉल टीम के पूर्व कप्तान, पद्मश्री और अर्जुन अवार्ड से सम्मानित बाइचुंग भूटिया, कृषि मंत्री रामविचार नेताम और पर्यटन मंत्री राजेश अग्रवाल शामिल हुए।

भूमिहीन कृषि मजदूर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय कल बलौदाबाजार में आयोजित कार्यक्रम में दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन कृषि मजदूर कल्याण योजना के तहत राशि जारी करेंगे। इस योजना के तहत प्रदेश के

करीब पांच लाख भूमिहीन हितग्राहियों के खाते में पांच सौ करोड़ रुपये की धनराशि अंतरित की जाएगी।

गौरतलब है कि दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन कृषि मजदूर कल्याण योजना के तहत कृषि मजदूरों को हर वर्ष दस हजार रूपए की वित्तीय सहायता सीधे हितग्राही के बैंक खाते में जमा की जाती है।

रेलवे–दुर्ग–हटिया

रेलवे ने दुर्ग–हटिया–दुर्ग द्वि–साप्ताहिक सुपरफास्ट स्पेशल ट्रेन का नियमितीकरण कर दिया है। यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए इसे अब एक्सप्रेस ट्रेन के रूप में चलाया जाएगा। यह ट्रेन दो अप्रैल से हटिया से दुर्ग प्रत्येक मंगलवार और गुरुवार को चलेगी। वहीं, तीन अप्रैल से यह ट्रेन दुर्ग से हटिया के लिए प्रत्येक बुधवार और शुक्रवार को रवाना होगी। इस ट्रेन का ठहराव राउरकेला, झारसुगुड़ा, रायगढ़, चांपा, बिलासपुर, भाटापारा और रायपुर स्टेशनों पर रहेगा।

मौसम

मौसम विभाग के अनुसार एक चक्रीय चक्रवाती घेरा मध्यप्रदेश के मध्य भाग में बना हुआ है। वहीं, एक द्रोणिका उत्तर–मध्य महाराष्ट्र से होकर विदर्भ और मराठवाड़ा तक विस्तारित है। इसके असर से आगामी चौबीस घंटों के दौरान प्रदेश में कुछ स्थानों पर हल्की वर्षा होने अथवा गरज–चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। वहीं, एक–दो स्थानों पर अंधड़ चलने और आकाशीय बिजली गिरने की भी आशंका है। वर्षा का मुख्य क्षेत्र बस्तर संभाग के जिले रहेंगे।